BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

SRI. KRISHNA CHANDRA
SPORTS DIRECTOR
EMAIL: kcchaurasiya123@gmail.com
MOB. No.: 8090608664

PROF. SANJAI MISRA
PRINCIPAL
EMAIL: bsnvpgc1954@gmail.com
MOB. NO.: 0522-2635513
DATE: 30/11/2023

बी0 एस0 एन0 वी0 पीजी कॉलेज, चारबाग, लखनऊ, के 53 वीं एथलेटिक्स-मीट प्रतियोगिता का समापन

बी0 एस0 एन0 वी0 पीजी कॉलेज, चारबाग, लखनऊ, में चल रही 53 वीं एथलेटिक्स-मीट प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में **श्री दयाशंकर सिंह,** माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उ०प्र० एवं महाविद्यालय के **आदरणीय अध्यक्ष श्री टी एन मिश्र जी** की गरिमामयी उपस्थित हुई। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता के विजेताओं को अध्यक्ष श्री टी एन मिश्रा जी तथा दयाशंकर जी ने मेडल, पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र वितरित किए । दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में **आदित्य कुमार यादव** और **उन्नति रावत** को चैंपियंस ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर श्री दयाशंकर सिंह जी ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है । उनका मानना है जहां खेल होते हैं वहां पर हमें चिकित्सालय की कम आवश्यकता पड़ती है, क्योंकि खेलों से लोगों का शारीरिक, मानसिक विकास होता है। उन्होंने खेलों के संवर्धन हेतु उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा एवं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की चर्चा भी की। आदरणीय अध्यक्ष श्री टी एन मिश्रा जी ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों-शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की भी खेलकूद प्रतियोगिता हुई। पूरे कार्यक्रम का संचालन अत्यन्त कुशलतापूर्वक **खेल निदेशक श्री कृष्ण चंद्र** ने किया। **प्राचार्य प्रोफेसर संजय मिश्र** ने सभी आगंतुकों, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कार्यक्रम सफल बनाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की।

BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

Sri. Krishna Chandra
(Sports Director)
Department of Education

Prof. Sanjai Misra
(**Principal**)